पिंडारी ग्लेशियर और बागची बुग्याल ‘ट्रैक ऑफ द ईयर’ घोषित

चर्चा में क्यों?

19 अक्टूबर, 2022 को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) की ओर से बागेश्वर ज़िले के पिंडारी ग्लेशियर और चमोली ज़िले में बागची बुग्याल को ‘ट्रैक ऑफ द ईयर’ घोषित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि पिंडारी ग्लेशियर और बागची बुग्याल, दोनों ट्रैकों के लिये दल को रवाना करने हेतु टूर ऑपरेटरों को पर्यटन विभाग की ओर से प्रत्येक ट्रैकर को ट्रैकिंग पर किये जाने वाले कुल खर्च पर दो हज़ार रुपए की सब्सिडी भी दी जाएगी।
- उन्होंने कहा कि विंटर ट्रैकिंग डेस्टिनेशन और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये यह ट्रैकिंग कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ट्रैक के माध्यम से विंटर ट्रैकिंग डेस्टिनेशन को केदारकांठा की भाँति प्रचारित एवं प्रसारित किया जाएगा तथा ट्रैकिंग को बढ़ावा देने के लिये विभाग की ओर से ट्रैकिंग गाइड ट्रेनिंग भी दी जा रही है।
- उल्लेखनीय है कि पिंडारी ग्लेश्यिर ट्रैक की शुरुआत कुमाऊँ के काठगोदाम से होगी, जो खाती, दव्याली, फुर्कांए, ज़ीरो पॉइंट, खाती के बाद खरकिया से होते हुए काठगोदाम में संपन्न होगा। वहीं, बागची बुग्याल के ट्रैक की शुरुआत देहरादून के ऋषिकेश से होगी, जो घेस, देवलीखेत से होते हुए बागची बुग्याल के बेस कैंप में संपन्न होगा। यहाँ से ट्रैकर धुलंब होते हुए बागची के टॉप हिमानी पहुँचेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pindari-glacier-and-bagchi-bugyal-declared-track-of-the-year